University in News on 25 June 2022

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीएड चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 30 को

लखनऊ। लविवि में बीएड चौथे सेमेस्टर न्यू कोर्स की परीक्षा 30 जून को प्रस्तावित की गई है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के अनुसार परीक्षा सुबह 09 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। वहीं, विवि प्रशासन ने बीकॉम ऑनर्स का परीक्षा कार्यक्रम भी संशोधित किया है। इसकी विस्तृत जानकारी विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। (माई सिटी रिपोर्टर)

छात्रों ने किया सीडीआरआई का भ्रमण

लखनऊ। लविवि के फार्मेसी इंस्टीट्यूट के बीफार्मा के छात्रों ने शिक्षकों के साथ सीडीआरआई का भ्रमण किया और वहां की लैब आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजीव यादव ने छात्रों का स्वागत करते हुए संस्थान व स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के बारे में बताया। निदेशक सीडीआरआई डॉ. डी श्रीनिवास रेड्डी ने छात्रों को शोध के लिए प्रोत्साहित किया। लविवि के फार्मेसी इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा छात्रों के लिए यह भ्रमण काफी ज्ञानवर्धक रहा। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

लंदन के बाथ स्पा विवि में कला और शिल्प सीखेंगे स्टूडेंट

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ यूनिवर्सिटी के कला एवं शिल्प महाविद्यालय (आर्ट्स कॉलेज) के विद्यार्थी अब बाथ स्पा यूनिवर्सिटी (लंदन) जाकर वहां की कला और शिल्प से जुड़ी बारीकियां सीख सकेंगे। इसी तरह, बाथ स्पा विवि के छात्र-छात्राएं लखनऊ के आर्ट्स कॉलेज आकर यहां की कला सीखेंगे। नए सत्र से दोनों संस्थानों के बीच एमए और पीएचडी के विद्यार्थियों के लिए इंटरचेन्जिंग ऐक्टिविटी की जाएंगी। यह जानकारी आर्ट्स कॉलेज के डीन प्रो. आलोक कुमार ने दी। वह शुक्रवार को बाथ स्पा विवि की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले 'रोजर क्लार्क' से महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा कर रहे थे।

कला एवं शिल्प महाविद्यालय के छात्रों के लिए मौका

वहीं, रोजर क्लार्क ने भी बाथ स्पा विवि में चलने वाले फाइन आर्ट के विद्यार्थियों की कलाकृतियों को कला महाविद्यालय के साथ साझा किया। इस दौरान अमृत सिन्हा, शिक्षकों में शत्रुघ्न कुमार, संजय कुमार, दिनेश कुमार और बलराम शर्मा व अन्य मौजूद रहे। विद्यार्थियों में नुपुर कुण्डु, पॉलमी, तरून आस्थाना, दिपेन्द्र सिंह तथा श्रीयांशी सिंह आदि थे।

HINDUSTAN PAGE 6

छात्रों ने सीडीआरआई के बारे में जाना

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय बी. फार्मा के 30 छात्रों और शिक्षकों के दल ने सीडीआरआई का दौरा किया। यहां वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजीव यादव तथा निदेशक डॉ. डी श्रीनिवास रेड्डी ने छात्रों को सीडीआरआई की विशेषताओं तथा शोध के बारे में जानकारी दी। छात्रों को दवाओं की खोज प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। बताया कि किसी दवा का फार्मूला कितने स्टेज से गुजरता है।

कुलपति ने छात्रावास का निरीक्षण किया

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने हबीबुल्लाह छात्रावास एवं महमूदाबाद छात्रावास का निरीक्षण किया। छात्रों के साथ संवाद स्थापित किया। छात्रों को सुझाव दिया कि जिस प्रकार हम लोग आपके अभिभावक हैं उसी प्रकार यह छात्रावास आपके घर की तरह है। इसकी साफ सफाई की व्यवस्था की तरफ ध्यान देना आपका दायित्व बनता है।

i-NEXT PAGE 4

निरीक्षण करने पहुंचे एलयू वीसी

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (24 June): लखनऊ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को हबीबुल्लाह हॉस्टल एवं महमूदाबाद हॉस्टल का निरीक्षण किया. इस दौरान छात्र सुविधाओं के साथ-साथ हबीबुल्लाह हॉस्टल में बने ओपन एयर जिम के उपकरण भी चेक किए. उन्होंने छात्रों से नाम, कक्षा, विषय, निवास स्थान से लेकर समस्याएं आदि भी पूछीं. वीसी ने छात्रों को सुझाव दिया कि जिस प्रकार हम लोग आपके अभिभावक हैं, उसी प्रकार यह हॉस्टल आपके घर की तरह है. इसके साफ-सफाई की व्यवस्था की ओर ध्यान देना आपका दायित्व है.

बीकाम आनर्स की परीक्षा तिथि में बदलाव

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से संचालित बीकाम आनर्स चौथे व छठे सेमेस्टर की परीक्षा तिथि में बदलाव कर दिया गया है। अब पांच जुलाई को होने वाली चौथे सेमेस्टर की इंटरनेशनल बिजनेस, सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस (ओल्ड कोर्स) की परीक्षा सात जुलाई को होगी।

छठे सेमेस्टर की छह जुलाई को प्रस्तावित इंटरप्रिन्योरशिप एंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, सिक्योरिटी एनालिसिस एंड पोर्टफोलियो मैनेजमेंट, टैक्स प्लानिंग एंड मैनेजमेंट (ओल्ड कोर्स) की परीक्षा आठ जुलाई को होगी। शुक्रवार को विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसका संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया। वहीं, लवि ने बीएड चौथे सेमेस्टर (न्यू कोर्स) की कंटेप्रेरी इंडिया एंड एजुकेशन विषय की परीक्षा तिथि 30 जून तय की है।

JAGRAN CITY PAGE I

कुलपति ने देखी व्यवस्था

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को हबीबुल्लाह छात्रावास एवं महमूदाबाद छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्र सुविधाओं के साथ-साथ हबीबुल्लाह छात्रावास में बने ओपन एयर जिम के उपकरण भी चेक किए। उन्होंने छात्रों से नाम, कक्षा, विषय, निवास स्थान से लेकर समस्याएं आदि भी पूछीं। कुलपति ने छात्रों को सुझाव दिया कि जिस प्रकार हम लोग आपके अभिभावक हैं, उसी प्रकार यह छात्रावास आपके घर की तरह है। इसके साफ-सफाई की व्यवस्था की ओर ध्यान देना आपका दायित्व है। (जासं)

विद्यार्थियों ने देखीं सुविधाएं

लखनऊ : लवि के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के बीफार्मा के छात्रों ने शिक्षक डा. लुबना आजमी व प्रशांत कुमार सिंह के साथ शुक्रवार को काउंसिल आफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च (सीएसआइआर)-सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट लखनऊ का दौरा किया। संस्थान के वरिष्ठ विज्ञानी डा. संजीव यादव ने छात्रों को स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के बारे में बताया। संस्थान के निदेशक डा. डी श्रीनिवास रेड्डी ने भी छात्रों को शोध के लिए प्रोत्साहित किया। (जासं)

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

हबीबुल्लाह व महमूदाबाद छात्रावास का निरीक्षण

लखनऊ (एसएनबी)। कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने हबीबुल्लाह छात्रावास एवं महमूदाबाद छात्रावास का निरीक्षण किया। वहां पर उन्होंने छात्रों के साथ संवाद किया। समस्त छात्रों से उन्होंने उनका नाम, उनकी कक्षा, उनका विषय, उनका निवास स्थान आदि के बारे में पूछा। उन्होंने छात्रों को सुझाव दिया कि जिस प्रकार हम लोग आपके अभिभावक है उसी प्रकार यह छात्रावास आपके घर की तरह है। इसके साफ सफाई की व्यवस्था की तरफ ध्यान देना आपका दायित्व बनता है और यदि कोई काम करने वाला किसी प्रकार की लापरवाही करता है तो उसको आप सलाह दे सकते है कि वह अपना कार्य ठीक ढंग से करें। छात्रों ने कुलपति को आश्वस्त किया कि वे इन सब बातों का पालन अवश्य करेंगे।